गणेश नगर रोड की घटना सीसीटीवी में कैप्चर, तलवार देखकर भागे बदमाश

मनी ट्रांसफर दुकान पर लूट की कोशिश

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के थाना डिवीजन नंबर-2 क्षेत्र में गणेश नगर रोड स्थित तिवारी मनी ट्रांसफर दुकान पर शनिवार को बाइक सवार बदमाशों ने लूट की कोशिश की। हालांकि दुकानदार की सूझबूझ और विरोध के चलते आरोपी वारदात को अंजाम देने में असफल रहे और तोड़फोड़ कर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार दो युवक स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर दुकान में दाखिल हुए। अंदर घुसते ही उन्होंने पिस्टल दिखाकर दुकान मालिक विनय तिवारी से गल्ले में रखी नकदी निकालने को कहा। इस दौरान केबिन के बाहर बैठे एक व्यक्ति को बदमाशों ने रॉड दिखाकर भगा दिया। आरोपी लगातार हथियार के बल पर धमकाते रहे और कैश देने का दबाव बनाते रहे। दुकानदार विनय तिवारी ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से यहां दुकान चला रहे हैं। जब बदमाशों ने कैश की मांग की तो उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए दुकान में रखी तलवार निकाल ली और आरोपियों को खदेड़ने की कोशिश की। तलवार देखते ही बदमाश घबरा गए और जाते-जाते केबिन के बाहर लगे शीशे पर वार कर उसे तोड़ दिया। करीब 3 से 5 मिनट तक दुकान के अंदर हंगामा करने के बाद वे फरार हो गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों बदमाशों का एक साथी लिंक रोड के पास खड़ा होकर रेकी कर रहा था। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। दुकानदार ने तुरंत 112 कंट्रोल रूम पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना डिवीजन नंबर-2 और चौकी जनक पुरी के इंचार्ज धर्मेंद्र टीम सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

दिवंगत स्नेह जैन की रस्म पगड़ी और श्रद्धांजलि सभा आज

फाइल फोटो-दिवंगत श्रीमति स्नेह जैन

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना भाजपा के जिला उप प्रधान नवल जैन की पत्नी स्व. श्रीमती स्नेह जैन का आकस्मिक निधन बीते 5 मार्च हो गया था उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री गरुड़ पुराण के पाठ का भोग व रस्म पगड़ी तथा श्रद्धांजलि सभा 15 मार्च दिन शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 3:00 तक प्राचीन गौशाला,भाग-2 टिब्बा रोड लुधियाना में सम्पन्न होगी।

बुड्ढा दरिया को साफ करने के लिए नए डिस्पोजल का उद्घाटन

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

हल्का उत्तरी क्षेत्र में बुड्ढा दरिया को साफ करने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। रेलवे लाइन के पास बहने वाले बुड्ढा नाले में गिर रहे सीवरेज के पानी को साफ करने के लिए नए डिस्पोजल के निर्माण कार्य का उद्घाटन विधायक चौ. मदन लाल बग्गा ने किया। इस परियोजना पर करीब 28 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। विधायक बग्गा ने बताया कि मुहल्ला पीरू बंदा और न्यू कुंदन पुरी के दोनों तरफ रेलवे लाइन से जुड़े इलाके में यह डिस्पोजल बनाया जाएगा। इसके बनने के बाद आसपास के क्षेत्रों का सीवरेज और बारिश का पानी साफ होकर बुड्ढा दरिया में जाएगा, जिससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बचपन में उन्होंने बुड्ढा दरिया में साफ पानी बहते देखा है और उनका सपना है कि आने वाली पीढ़ी भी उसी तरह साफ दरिया देख सके। इसी मौके पर वार्ड-92 के अमन विहार और वार्ड-67 के रघुबीर पार्क में नई वाटर सप्लाई पाइपलाइन बिछाने के काम का भी उद्घाटन किया गया। इस परियोजना पर लगभग 74 लाख रुपए खर्च होंगे। साथ ही वार्ड-67 में दुर्गा पुरी की सड़कों के निर्माण कार्य की भी शुरुआत की गई। इस अवसर पर एसडीओ अंशुल गरचा, जेई गुरदीप सिंह, सीएसआई बंटी डोगरा, पार्षद पुष्पिंदर भनोट, बिट्टू भारद्वाज, शरणजीत कौर बाजवा, सतविंदर सिंह बाजवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जीएसटी चोरी का किया खुलासा, एक गिरफ्तार

समर न्यूज़ | लुधियाना

CGST लुधियाना कमिश्नरेट ने जीएसटी फर्जी बिलिंग घोटाले के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का पर्दाफाश किया है। यह मामला मंडी गोबिंदगढ़, जिला फतेहगढ़ साहिब स्थित लौह एवं इस्पात क्षेत्र से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि संबंधित फर्म ने जाली जीएसटी इनवॉइस जारी कर 22.13 करोड़ रुपये का अयोग्य इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) प्राप्त किया और आगे पास किया। इस प्रकार सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया। सीजीएसटी अधिकारियों ने मामले की गहन जांच के बाद फर्म के मालिक को 12 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विभाग द्वारा वित्तीय लेन-देन और संबंधित दस्तावेजों की विस्तृत जांच जारी है। सीजीएसटी लुधियाना आयुक्तालय ने स्पष्ट किया है कि कर धोखाधड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और ईमानदार करदाताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

जगराओं में एटीएम बदलकर ठगी करने वाला युवक काबू

-महिला की सतर्कता से बची ठगी, आरोपी से पूछताछ जारी

समर न्यूज़ | लुधियाना

जगराओं के तहसील रोड पर एसएसपी दफ्तर के सामने शनिवार शाम एटीएम बदलकर ठगी करने वाले युवक को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। महिला का एटीएम कार्ड बदलने की कोशिश करते समय पकड़े जाने पर भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार एक महिला एटीएम से पैसे निकालने आई थी। उसी दौरान एक बाइक सवार युवक एटीएम में दाखिल हुआ।

महिला को लेन-देन में परेशानी होने पर उसने युवक से मदद मांगी और अपना कार्ड उसे दे दिया। युवक ने चालाकी से पासवर्ड पूछा और पैसे न निकलने का बहाना बनाकर कार्ड बदल दिया। उसने महिला को दूसरा कार्ड थमाते हुए अगले दिन आने को कहा। युवक के जाते ही महिला को शक हुआ और उसने शोर मचा दिया। आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने उसकी तलाशी ली तो करीब 100 एटीएम कार्ड और 15-20 हजार रुपये नकद बरामद हुए। बस स्टैंड चौकी के इंचार्ज सुखविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण अनिवार्य

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब सरकार ने सेवा-निवृत्त पेंशनरों की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य कर दिया है। यह जानकारी जिला खजाना अधिकारी लुधियाना उपनीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कई पेंशनरों द्वारा अभी भी बैंकों में मैनुअल प्रमाण-पत्र जमा किए जा रहे हैं, जो अब मान्य नहीं होंगे। पेंशन बिना रुकावट जारी रखने के लिए पेंशनर अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट नजदीकी खजाना कार्यालय, संबंधित बैंक शाखा या सेवा केंद्र में जमा करा सकते हैं। इसके अलावा 'घर बैठे सेवा' के तहत 1076 नंबर पर कॉल कर डोर-स्टेप सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। पेंशनर घर बैठे ही 'जीवन प्रमाण पत्र' ऐप डाउनलोड कर भी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। 31 मार्च 2026 से पहले अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अवश्य जमा कराएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

महिलाओं ने जागो निकालकर किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना, 13 मार्च – महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम उठाते हुए भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री मावां-धियां सत्कार योजना' की शुरुआत की खुशी में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जागो रैलियां निकाली गईं। यह रैलियां संबंधित विधायकों की अगुवाई में आयोजित की गईं। कैबिनेट मंत्री संज अरोड़ा के निर्देशों के तहत हल्का पश्चिमी में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जतींदर सिंह खंगूड़ा ने स्वयं जागो की अगुवाई की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि पंजाब की माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय सहायता से महिलाओं की आर्थिक स्थिति के साथ-साथ उनका आत्मसम्मान भी मजबूत होगा। महिलाओं ने मुख्यमंत्री और पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह योजना लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगी।

एफ एंड सीसी की बैठक बीच में रुकी: 15 में से 14 प्रस्ताव मंजूर, पार्क वाला प्रस्ताव रद्द

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

मेयर कैंप हाउस में शुक्रवार को एफ.एंड.सी.सी (फाइनेंशियल एंड कांट्रेक्ट कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 15 प्रस्ताव पढ़े गए, जिनमें से एक पार्क से संबंधित प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया, जबकि बाकी 14 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इसी दौरान राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल की मीटिंग कॉल आने के कारण बैठक को बीच में ही रोक दिया गया और इसे अगले समय के लिए स्थगित कर दिया गया।

बैठक में मेयर इंदरजीत कौर, नगर निगम कमिश्नर नीरू कत्याल गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, डिप्टी मेयर प्रिंस जोहर, ज्वाइंट कमिश्नर, जोनल कमिश्नर और विभिन्न शाखाओं के एसई मौजूद रहे।

सूत्रों के अनुसार मेयर कैंप हाउस में बैठक दोपहर करीब 3 बजे शुरू हुई। इस दौरान सप्लीमेंटरी एजेंडे पर चर्चा की गई। प्रस्ताव नंबर 314 से पढ़ने की शुरुआत हुई और प्रस्ताव नंबर 329 तक ही चर्चा हो पाई थी कि राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल की मीटिंग कॉल आने के कारण बैठक रोक दी गई।

बैठक के दौरान पढ़े गए प्रस्तावों में आत्म नगर हलके में पार्क से संबंधित एक प्रस्ताव भी शामिल था, जिसे रद्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इस प्रस्ताव को लेकर संबंधित एसई के पास पूरी जानकारी नहीं थी, जिस कारण उन्हें दोबारा रिपोर्ट तैयार कर पेश करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा पार्षदों द्वारा सेंटर ब्रिज में लगे खंभों को पेंट करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। साथ ही अन्य छोटे-मोटे विकास कार्यों के प्रस्ताव भी पास किए गए। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अगली बैठक से पहले सभी प्रस्तावों की जांच कर पूरी रिपोर्ट के साथ पेश किया जाए।

अस्पताल की पार्किंग में खड़ी लग्जरी कार पर फायरिंग

समर न्यूज़ | लुधियाना

रतन हॉस्पिटल के बाहर सनसनी, मौके से मिला गोली का खोखा लुधियाना के हरचरण नगर शिंगार सिनेमा रोड स्थित रतन हॉस्पिटल की पार्किंग में खड़ी एक लग्जरी कार पर फायरिंग का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। रतन हॉस्पिटल के मालिक डॉ. सुबीत रतन के अनुसार उनकी कार रोज की तरह अस्पताल की पार्किंग में खड़ी थी। शनिवार सुबह ड्राइवर जब गाड़ी साफ करने पहुंचा तो उसने देखा कि कार का फ्रंट विंडशील्ड टूटा हुआ है। पास ही जमीन पर गोली का एक खोखा भी मिला। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक घटना रात करीब एक बजे के आसपास की हो सकती है। हालांकि गोली किसने और किस दिशा से चलाई, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मौके से बरामद खोखे को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला हवाई फायरिंग का प्रतीत हो रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि घटना की असल वजह सामने आ सके।

लाडोवाल टोल प्लाजा पर किसानों का हंगामा पीएम मोदी और अमित शाह का पुतला फूंका

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में भारतीय किसान मजदूर यूनियन (पंजाब) ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। किसान मजदूर मोर्चा (चैप्टर पंजाब) के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में लाडोवाल टोल प्लाजा पर यूनियन कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। किसानों ने ऐलान किया कि उनकी मांगें पूरी होने तक टोल प्लाजा को फ्री रखा जाएगा। यूनियन नेताओं ने बताया कि हल्का साहनेवाल के ससराली गांव में बना डैम अभी तक टेंडर प्रक्रिया में ही अटका है, जिससे सिंचाई और जल प्रबंधन प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा राहों रोड की बदहाल स्थिति और सड़क पर खड़ी गाड़ियों से हो रहे हादसों को भी उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही बताया। किसानों ने आरोप लगाया कि पिछली बार टोल फ्री के दौरान गुजरने वाले वाहनों से बाद में पैसे काट लिए गए थे। इस बार उन्होंने चेतावनी दी कि प्रशासन और टोल अधिकारियों की "चालाकी" नहीं चलने दी जाएगी। स्थिति को देखते हुए टोल प्लाजा पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। किसान नेताओं ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

सुविधा

अर्बन स्टेट फेस-1 के लोगों को पानी की किल्लत से मिलेगी राहत

विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल ने किया ट्यूबल का उद्घाटन

दलजीत विक्की | चंडीगढ़
समर न्यूज़

ट्यूबल का उद्घाटन करते विधायक दलजीत ग्रेवाल भोला उपस्थित इलाकावासी।

हल्का पूर्वी के वार्ड नंबर 26 स्थित अर्बन स्टेट फेस-1 के पार्क में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए 12.64 लाख रुपये की लागत से 25 हॉर्स पावर का नया ट्यूबवेल लगाया जा रहा है। इस ट्यूबवेल का उद्घाटन हल्का पूर्वी के विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल 'भोला' द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने कहा कि कुछ समय पहले क्षेत्र के निवासियों द्वारा उन्हें शिकायत दी गई थी कि अर्बन स्टेट फेस-1 इलाके में लंबे समय से पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा था, जिसके कारण रोजमर्रा के कामों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम के मेयर के पास नए ट्यूबवेल लगाने की सिफारिश की गई थी। उसी सिफारिश के आधार पर अब यहां 25 हॉर्स पावर का नया ट्यूबवेल स्थापित किया जा रहा है, जिससे पूरे इलाके में पानी की आपूर्ति बेहतर होगी और लोगों को राहत मिलेगी। विधायक ग्रेवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास और लोगों की बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हल्का पूर्वी के किसी भी इलाके में पानी, सीवरेज, सड़क या अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्या को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शिकायत मिलते ही उसका तुरंत समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के वार्ड प्रधान इंद्रदीप सिंह मिंकू, मोहित सूद, रविंदर सिंह, रमेश कुमार पिंका, हनी शर्मा, सतपाल शर्मा, प्रीतपाल सिंह पाली, रविंदर सैनी बिल्ला, जतिंदर सिंह काका, गुरविंदर पाल सिंह, प्रताप सिंह सैनी, काका, कई कार्यकर्ता, और बड़ी संख्या में इलाका निवासी मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने नए ट्यूबवेल के शुरू होने पर विधायक का धन्यवाद करते हुए उम्मीद जताई कि इससे लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

ॐ श्रद्धांजलि सभा ॐ

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि
स्वः श्रीमती स्नेह जैन
पत्नी नवल जैन (जिला उपाध्यक्ष भाजपा लुधियाना)
का स्वर्गवास दिनांक 05-03-2026 दिन वीरवार को हो गया था।
उनकी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु
रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा
दिनांक 15-03-2026 दिन रविवार को दोपहर 1:30 से 3 बजे तक
प्राचीन गौशाला, भाग-2, टिब्बा रोड, लुधियाना में होगी।

शोकाग्रस्त :
नवल जैन
(जिला उपाध्यक्ष भाजपा लुधियाना)
98888-57500

Saini Mines And Marbles
Adinath Stonex
Leeladhar Saini | Gyarsi Lal Saini | Rakesh Saini

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 188